# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

## CUET-2022 (UG): B.Voc.- Retail & Logistics Management

**Newspaper: Amar Ujala** **Date: 21-04-2022**

# हकेंविवि : सीयूईटी 2022 के अंतर्गत दाखिले की प्रक्रिया जारी

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2022-23 में उपलब्ध स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इस प्रक्रिया के अंतर्गत विश्वविद्यालय के व्यावसायिक अध्ययन एवं कौशल विकास विभाग के अंतर्गत उपलब्ध पाठ्यक्रम बीवॉक - रिटेल एंड लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट में दाखिले का विकल्प उपलब्ध हैं। किताबी ज्ञान, कौशल विकास के साथ-साथ रोजगार के ढेरों अवसर उपलब्ध कराने वाले इस पाठ्यक्रम में दाखिला संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) 2022 के माध्यम से होगा, जिसके लिए 6 मई तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि बीवॉक रिटेल एंड लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट के माध्यम से विद्यार्थियों को कौशल विकास और रोजगार के अवसर प्रदान कर रहा है। यह पाठ्यक्रम नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप विद्यार्थियों को रचनात्मक, समस्याओं के समाधान, उद्यमिता, कौशल विकास आदि महत्वपूर्ण आयामों से अवगत करता है इस पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए आवेदक का 12वीं पास होना या 12वीं की परीक्षा में सम्मिलित हुआ होना आवश्यक है। पाठ्यक्रम में सत्र 2022-23 के अंतर्गत कुल 63 सीटें उपलब्ध है। पाठ्यक्रम के समन्वयक डॉ. सुयश मिश्रा ने बताया कि इस कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य विद्यार्थियों को रिटेल व लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में हो रहे उन्नत तरीकों से अवगत कराना है । इस पाठ्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थी को एक वर्ष का कोर्स पूरा करने पर डिप्लोमा, दो वर्ष पूरा करने पर एडवांस डिप्लोमा तथा तीन वर्ष पूरा करने पर बीवॉक रिटेल एंड लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट की डिग्री प्रदान की जाती हैं। संवाद

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Bhaskar** **Date: 21-04-2022**

## सीयूईटी के अंतर्गत दाखिले की प्रक्रिया जारी, 6 मई तक कर सकते हैं आवेदन

**महेंद्रगढ़**| हकेंवि, महेंद्रगढ़ में शैक्षणिक सत्र 2022-23 में उपलब्ध स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इस प्रक्रिया के अंतर्गत विश्वविद्यालय के व्यावसायिक अध्ययन एवं कौशल विकास विभाग के अंतर्गत उपलब्ध पाठ्यक्रम बीवॉक-रिटेल एंड लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट में दाखिले का विकल्प उपलब्ध हैं। किताबी ज्ञान, कौशल विकास के साथ-साथ रोजगार के ढेरों अवसर उपलब्ध कराने वाले इस पाठ्यक्रम में दाखिला संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा 2022 के माध्यम से होगा, जिसके लिए 6 मई, तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार का कहना है कि बीवॉक-रिटेल एंड लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट के माध्यम से विद्यार्थियों को कौशल विकास और रोजगार के अवसर प्रदान कर रहा है।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Jagran** **Date: 21-04-2022**

# रिटेल एंड लाजिस्टिक्स मैनेजमेंट में दाखिले का अवसर

**सीयूईटी 2022 के अंतर्गत दाखिले की प्रक्रिया जारी, छह मई तक करें आवेदन, रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने वाला है पाठ्यक्रम**

**संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़:** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ में शैक्षणिक सत्र 2022-23 में उपलब्ध स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इस प्रक्रिया के अंतर्गत विश्वविद्यालय के व्यावसायिक अध्ययन एवं कौशल विकास विभाग के अंतर्गत उपलब्ध पाठ्यक्रम बीवाक- रिटेल एंड लाजिस्टिक्स मैनेजमेंट में दाखिले का विकल्प उपलब्ध हैं। किताबी ज्ञान, कौशल विकास के साथ-साथ रोजगार के ढेरों अवसर उपलब्ध कराने वाले इस पाठ्यक्रम में दाखिला संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) 2022 के माध्यम से होगा, जिसके लिए आगामी छह तक आनलाइन आवेदन किया जा सकता है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार का कहना है कि बीवाक- रिटेल एंड लाजिस्टिक्स मैनेजमेंट प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट के माध्यम से विद्यार्थियों को कौशल



कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार

विकास और रोजगार के अवसर प्रदान कर रहा है । यह पाठ्यक्रम नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप विद्यार्थियों को रचनात्मक, समस्याओं के समाधान, उद्यमिता, कौशल विकास आदि महत्वपूर्ण आयामों से अवगत करता है। यही कारण है कि इस पाठ्यक्रम में अध्ययनरत विद्यार्थियों को प्लेसमेंट के भरपूर अवसर उपलब्ध रहते हैं। समन्वयक प्रो. पवन कुमार मौर्या ने बताया कि बी. वाक रिटेल एंड लाजिस्टिक्स मैनेजमेंट व्यापक व्यावहारिक शिक्षा के अंतर्गत समय-समय पर इंडस्ट्री के विशेषज्ञों के व्याख्यान और औद्योगिक प्रशिक्षण भी विद्यार्थियों को उपलब्ध करता है। प्रो.मौर्या ने कहा कि इस पाठ्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में रोजगार क्षमता बढ़ाना और कौशल विकास करना है। इस पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए आवेदक का बारहवीं पास होना या बारहवीं की परीक्षा में सम्मिलित हुआ होना आवश्यक है। पाठ्यक्रम में सत्र 2022-23 के अंतर्गत कुल 63 सीटें उपलब्ध है। पाठ्यक्रम के समन्वयक डॉ. सुयश मिश्रा ने बताया कि इस प्रोग्राम का प्रमुख उद्देश्य विद्यार्थियों को रिटेल व लाजिस्टिक्स क्षेत्र में हो रहे उन्नत तरीकों से अवगत कराना है । इस पाठ्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थी को एक वर्ष का कोर्स पूरा करने पर डिप्लोमा, दो वर्ष पूरा करने पर एडवांस डिप्लोमा तथा तीन वर्ष पूरा करने पर बीवाक रिटेल एंड लाजिस्टिक्स मैनेजमेंट की डिग्री प्रदान की जाती हैं । इसके अलावा भारत सरकार से मान्यता प्राप्त संस्था रीटेलर्स एसोसिएशन स्किल काउंसिल ऑफ इंडिया, के माध्यम से विद्यार्थियों को कौशल संबंधी प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जाता है।

डा. सुयश मिश्रा ने बताया कि इस पाठ्यक्रम में अध्ययन के बाद रोजगार के भरपूर अवसर उपलब्ध है और कोरोना महामारी के बावजूद विश्वविद्यालय में अध्ययनरत इस पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों को रिलायंस रिटेल लिमिटेड, आदित्य बिरला फैशन एंड रिलेट, मैक्स लाइफस्टाइल व ओजी इंडिया पैकेजिंग प्राइवेट लिमिटेड सरीखे प्रतिष्ठित संस्थानों में मिले रोजगार के अवसर इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है। इस पाठ्यक्रम में दाखिले के इच्छुक अभ्यर्थी वेबसाइट अथवा विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से आनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Haribhoomi** **Date: 21-04-2022**



## विद्यार्थियों को रोजगार के अवसर मिल रहे

# बीवॉक-रिटेल एंड लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट में दाखिले का अवसर, सीयूईटी 2022 के अंतर्गत दाखिले की प्रक्रिया जारी, छह मई तक करें आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2022-23 में उपलब्ध स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इस प्रक्रिया के अंतर्गत विश्वविद्यालय के व्यावसायिक अध्ययन एवं कौशल विकास विभाग के अंतर्गत उपलब्ध पाठ्यक्रम बीवॉक-रिटेल एंड लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट में दाखिले का विकल्प उपलब्ध है। किताबी ज्ञान, कौशल विकास के साथ-साथ रोजगार के ढेरों अवसर उपलब्ध कराने वाले इस पाठ्यक्रम में दाखिला संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) 2022 के माध्यम से होगा, जिसके लिए छह मई तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर का कहना है कि बीवॉक-रिटेल एंड लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट के माध्यम से विद्यार्थियों को कौशल विकास और रोजगार के अवसर प्रदान कर रहा है। यह पाठ्यक्रम नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप विद्यार्थियों को रचनात्मक, समस्याओं के समाधान, उद्यमिता, कौशल विकास आदि महत्वपूर्ण आयामों से अवगत करता है। यही कारण है कि इस पाठ्यक्रम में अध्ययनरत विद्यार्थियों को प्लेसमेंट के भरपूर अवसर उपलब्ध रहते हैं।

### प्रोग्राम का उद्देश्य छात्रों में रोजगार क्षमता बढ़ाना और कौशल विकास करना

**एक वर्ष का कोर्स पूरा करने पर डिप्लोमा**

व्यावसायिक अध्ययन और कौशल विकास विभाग के समन्वयक प्रो. पवन मौर्य ने बताया कि बीवॉक रिटेल एंड लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट व्यापक व्यावहारिक शिक्षा के अंतर्गत समय-समय पर इंडस्ट्री के विशेषज्ञों के व्याख्यान और औद्योगिक प्रशिक्षण भी विद्यार्थियों को उपलब्ध कराता है। प्रो. मौर्य ने कहा कि इस पाठ्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में रोजगार क्षमता बढ़ाना और कौशल विकास करना है। इस पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए आवेदक का बारहवीं पास होना या बारहवीं की परीक्षा में सम्मिलित हुआ होना आवश्यक है। पाठ्यक्रम में सत्र 2022-23 के अंतर्गत कुल 63 सीटें उपलब्ध हैं। पाठ्यक्रम के समन्वयक डॉ. सुयश मिश्रा ने बताया कि इस प्रोग्राम का प्रमुख उद्देश्य विद्यार्थियों को रिटेल व लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में हो रहे उन्नत तरीकों से अवगत कराना है। इस पाठ्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थी को एक वर्ष का कोर्स पूरा करने पर डिप्लोमा, दो वर्ष पूरा करने पर एडवांस डिप्लोमा तथा तीन वर्ष पूरा करने पर बीवॉक रिटेल एंड लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट की डिग्री प्रदान की जाती है। इसके अलावा भारत सरकार से मान्यता प्राप्त संस्था रिटेलर्स एसोसिएशन स्किल काउंसिल ऑफ इंडिया, के माध्यम से विद्यार्थियों को कौशल संबंधी प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जाता है।

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय का भवन।

### अध्ययन के रोजगार के भरपूर अवसर

डॉ. सुयश मिश्रा ने बताया कि इस पाठ्यक्रम में अध्ययन के बाद रोजगार के भरपूर अवसर उपलब्ध हैं और कोरोना महामारी के बावजूद विश्वविद्यालय में अध्ययनरत इस पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों को रिलायंस रिटेल लिमिटेड, आदित्य बिरला फैशन एंड रिटेल, वैस्ट लाइफस्टाइल व ओजी इंडिया ट्रेडिंग प्राइवेट लिमिटेड जैसी प्रतिष्ठित संस्थाओं में मिले रोजगार के अवसर इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है। विश्वविद्यालय में उपलब्ध इस पाठ्यक्रम में दाखिले के इच्छुक अभ्यर्थी आगामी छह मई तक विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

Public Relations Office

Newspaper: Punjab Kesari    Date: 21-04-2022

# सी.यू.ई.टी.-2022 के अंतर्गत दाखिला प्रक्रिया जारी, 6 मई तक करें आवेदन

## बी. वॉक.-रिटेल एंड लॉजिस्टिक्स मैनेजमैंट में दाखिले का अवसर

महेंद्रगढ़, 20 अप्रैल (परमजीत, मोहन): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ में शैक्षणिक सत्र 2022-23 में उपलब्ध स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

इस प्रक्रिया के अंतर्गत विश्वविद्यालय के व्यावसायिक अध्ययन एवं कौशल विकास विभाग के अंतर्गत उपलब्ध पाठ्यक्रम बी.वॉक.-रिटेल एंड लॉजिस्टिक्स मैनेजमैंट में दाखिले का विकल्प उपलब्ध है। किताबी ज्ञान, कौशल विकास के साथ-साथ रोजगार के ढेरों अवसर उपलब्ध करवाने वाले इस पाठ्यक्रम में दाखिला संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सी.यू.ई.टी.) 2022 के माध्यम से होगा, जिसके लिए आगामी 6 मई तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।



कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार का कहना है कि बी. वॉक.-रिटेल एंड लॉजिस्टिक्स मैनेजमैंट प्रशिक्षण एवं प्लेसमैंट के माध्यम से विद्यार्थियों को कौशल विकास और रोजगार के अवसर प्रदान कर रहा है। यह पाठ्यक्रम नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप विद्यार्थियों को रचनात्मक, समस्याओं के समाधान, उद्यमिता, कौशल विकास आदि महत्वपूर्ण आयामों से अवगत करता है। यही कारण है कि इस पाठ्यक्रम में अध्ययनरत विद्यार्थियों को प्लेसमैंट के भरपूर अवसर उपलब्ध रहते हैं।

## पाठ्यक्रम में अध्ययन के बाद रोजगार के भरपूर अवसर उपलब्ध

**व्यावसायिक** अध्ययन और कौशल विकास विभाग के समन्वयक प्रो. पवन कुमार मौर्या ने बताया कि बी.वॉक.-रिटेल एंड लॉजिस्टिक्स मैनेजमैंट व्यापक व्यावहारिक शिक्षा के अंतर्गत समय-समय पर इंडस्ट्री के विशेषज्ञों के व्याख्यान और औद्योगिक प्रशिक्षण भी विद्यार्थियों को उपलब्ध करता है। इस पाठ्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में रोजगार क्षमता बढ़ाना और कौशल विकास करना है। पाठ्यक्रम में सत्र 2022-23 के अंतर्गत कुल 63 सीटें उपलब्ध हैं।

पाठ्यक्रम के समन्वयक डॉ. सुयश मिश्रा ने बताया कि इस प्रोग्राम का प्रमुख उद्देश्य विद्यार्थियों को रिटेल व लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में हो रहे उन्नत तरीकों से अवगत कराना है। इस पाठ्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थी को एक वर्ष का कोर्स पूरा करने पर डिप्लोमा, 2 वर्ष पूरा करने पर एडवांस डिप्लोमा तथा 3 वर्ष पूरा करने पर बी. वॉक.-रिटेल एंड लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट की डिग्री प्रदान की जाती है।

इसके अलावा भारत सरकार से मान्यता प्राप्त संस्था रिटेलर्स एसोसिएशन स्किल काऊंसिल ऑफ इंडिया के माध्यम से विद्यार्थियों को कौशल संबंधी प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जाता है। इस पाठ्यक्रम में अध्ययन के बाद रोजगार के भरपूर अवसर उपलब्ध हैं।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Punjab Kesari (Rewari)** **Date: 21-04-2022**

# 12वीं के बाद बी. वॉक-रिटेल एंड लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट में दाखिले का अवसर

**महेंद्रगढ़,** प्रवीण कुमार/ सरोज यादव (पंजाब केसरी): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में शैक्षणिक सत्र 2022-23 में उपलब्ध स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इस प्रक्रिया के अंतर्गत विश्वविद्यालय के व्यावसायिक अध्ययन एवं कौशल विकास विभाग के अंतर्गत उपलब्ध पाठ्यक्रम बी. वॉक-रिटेल एंड लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट में दाखिले का विकल्प उपलब्ध हैं। किताबी ज्ञान, कौशल विकास के साथ-साथ रोजगार के ढेरों अवसर उपलब्ध कराने वाले इस पाठ्यक्रम में दाखिला संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) 2022 के माध्यम से होगा, जिसके लिए आगामी 6 मई, 2022 तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार का कहना है कि बी. वाक-रिटेल एंड लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट के माध्यम से विद्यार्थियोंको कौशल विकास और रोजगार के अवसर प्रदान कर रहा है। यह पाठ्यक्रम नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप विद्यार्थियों को रचनात्मक, समस्याओं के समाधान, उद्यमिता, कौशल विकास आदि महत्वपूर्ण आयामों से अवगत करता है। यही कारण है कि इस पाठ्यक्रम में अध्ययनरत विद्यार्थियों को प्लेसमेंट के भरपूर अवसर उपलब्ध रहते हैं।

**● सीयूईटी 2022 के अंतर्गत दाखिले की प्रक्रिया जारी, 06 मई तक करें आवेदन**

व्यावसायिक अध्ययन और कौशल विकास विभाग के समन्वयक प्रो. पवन कुमार मौर्या ने बताया कि बी. वॉक. रिटेल एंड लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट व्यापक व्यावहारिक शिक्षा के अंतर्गत समय-समय पर इंडस्ट्री के विशेषज्ञों के व्याख्यान और औद्योगिक प्रशिक्षण भी विद्यार्थियों को उपलब्ध करता है। प्रो.मौर्या ने कहा कि इस पाठ्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में रोजगार क्षमता बढ़ाना और कौशल विकास करना है। इस पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए आवेदक का बारहवीं पास होना या बारहवीं की परीक्षा में सम्मिलित हुआ होना आवश्यक है। पाठ्यक्रम में सत्र 2022-23 के अंतर्गत कुल 63 सीटें उपलब्ध है।पाठ्यक्रम के समन्वयक डॉ. सुयश मिश्रा ने बताया कि इस प्रोग्राम का प्रमुख उद्देश्य विद्यार्थियों को रिटेल व लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में हो रहे उन्नत तरीकों से अवगत कराना है। इस पाठ्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थी को एक वर्ष का कोर्स पूरा करने पर डिप्लोमा, दो वर्ष पूरा करने पर एडवांस डिप्लोमा तथा तीन वर्ष पूरा करने पर बी. वॉक. रिटेल एंड लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट की डिग्री प्रदान की जाती हैं। इसके अलावा भारत सरकार से मान्यता प्राप्त संस्था रीटेलर्स एसोसिएशन स्किल काउंसिल ऑफ इंडिया, के माध्यम से विद्यार्थियों को कौशल संबंधी प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जाता है।